**भारत सरकार**
**कोयला मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1789**
**जिसका उत्तर 27 जुलाई, 2022 को दिया जाना है**

**कोयले की बिक्री से राजस्व**

**1789 .डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हेः**
**श्री कुलदीप राय शर्माः**
**डॉ. सुभाष रामराव भामरेः**
**डॉ. पोन गौतम सिगामणिः**
**डॉ. डी. एन. वी. सैंथिलकुमार एस. :**
**श्रीमती मंजुलता मंडलः**
**श्री गजानन कीर्तिकरः**
**श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरेः**
**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः**
**श्री सी.एन. अन्नादुरईः**
**श्री धनुष एम. कुमारः**
**श्री जी. सेल्वमः**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान सरकारी कोयला कंपनियों द्वारा कुल कितनी मात्रा में कोयले की बिक्री की गई और उससे कितना राजस्व अर्जित किया गया;

(ख) क्या इन कंपनियों की आय निर्धारित लक्ष्य की तुलना में नहीं बढ़ी है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या सरकारी कोयला कंपनियों के पास निजी कंपनियों से कोयला खदानों का अधिग्रहण करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन खदानों से खनित कोयले की बिक्री से कितना राजस्व अर्जित किया गया है; और

(घ) सरकार द्वारा सरकारी कोयला कंपनियों के राजस्व को बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री**
**(श्री प्रल्हाद जोशी)**

**(क):** पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला कंपनियों द्वारा बेचे गए कोयले की मात्रा और उससे अर्जित राजस्व की मात्रा का कंपनी-वार ब्यौरा निम्नानुसार हैः-

| विवरण | कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) | | एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) | | सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | मात्रा (मिलियन टन) | राजस्व (करोड़ रूपए) | मात्रा (मिलियन टन) | राजस्व (करोड़ रूपए) | मात्रा (मिलियन टन) | राजस्व (करोड़ रूपए) |
| वित्त वर्ष 2019-20 | 581.91 | 1,34,979.13 | शून्य | शून्य | 62.47 | 18,634 |
| वित्त वर्ष 2020-21 | 574.48 | 1,26,786.13 | 0.70 | 78.87 | 48.51 | 13,405 |
| वित्त वर्ष 2021-22 | 661.89 | 1,52,667.14 | 6.37 | 919.97 | 65.53 | 20,986 |
| वित्त वर्ष 2022-23 (30.06.22 तक) @ | 177.59 | 29,400 | 2.71 | 360.83 | 17.31 | 7,905 |

@ वित्त वर्ष 2022-23 राजस्व संबंधी आंकड़े अनंतिम है।

**(ख):** इन कंपनियों के संबंध में आय, लक्ष्य और उनके कारणों का ब्यौरा अनुबंध-I में है।

**(ग):** सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला कंपनियों द्वारा निजी कंपनियों से कोयला खान लेने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

**(घ):** सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला कंपनियों को बिक्री की मात्रा में वृद्धि के माध्यम से राजस्व बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के कोयला उपक्रमों (पीएसयू) को अपने राजस्व को बढ़ाने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा, एल्यूमीनियम आदि जैसे अन्य क्षेत्रों में विविधता लाने की अनुमति दी है। इसके अतिरिक्त, खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2021 के अधिनियमन में प्रावधान है कि सरकारी कंपनियों सहित कैप्टिव खान स्वामी (परमाणु खनिजों से भिन्न), केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित पद्धति से खान से संबद्ध अंत्य उपयोग संयंत्र की आवश्यकता को पूरा करने के बाद और ऐसी अतिरिक्त राशि का भुगतान करने पर खुले बाजार में अपने वार्षिक खनिज (कोयला सहित) उत्पादन का 50% तक विक्रय कर सकते हैं। इसके अलावा, कोयला उत्पादन निरंतर रूप से बढ़ाया जा रहा जिससे कोयले के प्रेषण/बिक्री में वृद्धि हुई है जिसके परिणामस्वरूप राजस्व में वृद्धि हुई है।

*****

**अनुबंध-I**

**I) <u>कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल)</u> :**

| वर्ष | एमओयू लक्ष्य (करोड़ रूपए) | राजस्व (करोड़ रूपए) | कारण |
|---|---|---|---|
| **वित्त वर्ष 2019-20** | 1,00,000 | 96,080.34 | सीआईएल की अधिकांश खानों में मानसून में काफी समय तक हुई बारिश के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ था। |
| **वित्त वर्ष 2020-21** | 1,01,000 | 90,026.01 | वित्त वर्ष 2020-21 की पहली छमाही के दौरान कोविड-19 के कारण कंपनी का कार्य-निष्पादन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। मांग बहुत कम थी, ई-नीलामी प्रीमियम में छूट के साथ-साथ कार्य-निष्पादन प्रोत्साहन में भी छूट दी गई थी। |
| **वित्त वर्ष 2021-22** | 1,05,000 | 1,09,713.50 | - |
| **वित्त वर्ष 2022-23 (30.06.22 तक) @** | - | 29,400 | - |

@ वित्त वर्ष 2022-23 राजस्व संबंधी आंकड़े अनंतिम है।

**II)<u>एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) :</u>**

पिछले तीन वर्षों के लिए कोयले से प्राप्त राजस्व और लक्ष्य का ब्यौरा नीचे तालिका में दिया गया है:

| वर्ष | लक्ष्य (करोड़ रूपए) | राजस्व (करोड़ रूपए) |
|---|---|---|
| **वित्त वर्ष 2019-20** | शून्य | शून्य |
| **वित्त वर्ष 2020-21** | 660.32 | 78.87 |
| **वित्त वर्ष 2021-22** | 349.64 | 919.97 |
| **वित्त वर्ष 2022-23 (30.06.22 तक) @** | 215.03 | 360.83 |

@ वित्त वर्ष 2022-23 राजस्व संबंधी आंकड़े अनंतिम है।

उपर्युक्त तालिका से यह पता चलता है कि कोयले के लिए निर्धारित लक्ष्य की तुलना में

आय में वृद्धि हुई है।

**III) सिंगरैनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल):** -

पिछले तीन वर्षों के लिए कोयले से प्राप्त राजस्व और लक्ष्य का ब्यौरा नीचे तालिका में दिया गया हैः

| वर्ष | लक्ष्य (करोड़ रूपए) | राजस्व (करोड़ रूपए) | कमी के कारण |
|---|---|---|---|
| **वित्त वर्ष 2019-20** | 18,135.92 | 18,634 | - |
| **वित्त वर्ष 2020-21** | 17,480.47 | 13,405 | वित्त वर्ष 2020-21 की पहली छमाही के दौरान कोविड-19 की महामारी के कारण कंपनी का कार्य-निष्पादन बुरी तरह से प्रभावित हुआ। लॉकडाउन और इसके परिणाम के कारण कोयले की मांग में काफी कमी हो गई थी। कंपनी एमओयू प्रीमियम, ई-नीलामी प्रीमियम और गैर-एफएसए उपभोक्ताओं पर लगने वाले सेवा-प्रभार आदि में छूट देकर कोयले की कीमतों को कम करने के लिए बाध्य किया जाता है। |
| **वित्त वर्ष 2021-22** | 18,237.91 | 20,986 | - |
| **वित्त वर्ष 2022-23 (30.06.22 तक)** @ | - | 7,905 | - |

@ वित्त वर्ष 2022-23 में राजस्व संबंधी आंकड़े अनंतिम हैं।

****